एक नजर में

## शांतिनाथ भगवान को निर्वाण लाडू चढ़ाया



इंदौर. दिगम्बर जैन मंदिर क्लर्क कालोनी में ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्दशी को श्रमणाचार्य मुनि विभव सागर महाराज के ससंघ पावन आशीर्वाद से शांतिनाथ भगवान का जन्म, तप, और मोक्षकल्याणक मनाकर निर्वाण लाडू चढ़ाया. प्रवीण जैन ने बताया कि सुबह 6.30 पर भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा कर शांतिनाथ भगवान की पूजन करके निर्वाण कांड पाठ पढ़कर निर्वाण लाडू चढ़ाया. भगवान का जन्म हस्तिनापुर में हुआ था. इनके पिता का नाम विश्वसेन और माता का नाम एरा था. भगवान का चिन्ह हिरन है. आपके आज ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्दशी जन्म, तप, और मोक्ष तीनों कल्याणक आज है. आप तीन पदों के धारी है. चक्रवर्ती, कामदेव, और तीर्थंकर, तीनों पदों के धारी आज ही के दिन सम्मेद शिखर के कुन्दप्रभ कूट से मोक्ष पधारे. इस अवसर पर सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद गोधा, दिलीप बज, रमेश जैन, संजय जैन, रमणीक पारलिया, विशाल जैन, सुरेन्द्र रावत, सुभद्रा गोधा, चंदा बड़जात्या, पुष्पलता जैन, प्रभा जैन, कल्पना जैन, विमला जैन, निकिता गंगवाल, मीना जैन, रानी जैन, अचला जैन के साथ सभी समाजजन शामिल हुए.

## वीतराग-विज्ञान आध्यात्मिक शिक्षण-प्रशिक्षण शिविर आज से

इंदौर. पंडित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट द्वारा संचालित एवं कुंदकुंद कहान शासन प्रभावना ट्रस्ट, इंदौर के तत्वावधान में आयोजित 58वां श्री वीतराग-विज्ञान आध्यात्मिक शिक्षण-प्रशिक्षण शिविर 17 मई से भव्य रूप में प्रारंभ होने जा रहा है. यह केवल एक शिविर नहीं, बल्कि जिनवाणी के प्रकाश से समाज को आलोकित करने वाला 18 दिवसीय आध्यात्मिक महाअभियान है, जिसमें देशभर से लगभग 2000 से अधिक साधर्मीजन धर्मलाभ लेने हेतु सम्मिलित होंगे. उद्घाटन दिवस पर ही लगभग 1300 साधकों की उपस्थिति संभावित है, जो पूरे 18 दिनों तक इस ज्ञानयज्ञ का भाग बनेंगे. इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे बालकों, युवाओं, गृहस्थों, महिलाओं एवं वृद्धजनों – सभी के आध्यात्मिक उत्थान को ध्यान में रखकर अत्यंत सुव्यवस्थित रूप से निर्मित किया गया है. यहाँ शिक्षण भी होगा और प्रशिक्षण भी, अध्ययन भी होगा और साधना भी. यह शिविर समाज में चल रही जैन पाठशालाओं के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा. यहाँ अध्यापकों एवं प्रशिक्षुओं को यह सिखाया जाएगा कि बच्चों को किस प्रकार धर्म से जोड़ा जाए, जैन सिद्धांतों को सरल एवं प्रेरक शैली में कैसे समझाया जाए, तथा उनमें संस्कारों का बीजारोपण कैसे किया जाए. शिविर का शुभारंभ 17 मई 2026 को प्रातः काल जिनशासन ध्वज फहराने के साथ होगा। तत्पश्चात आध्यात्मिकसत्पुरुष गुरुदेव श्री कानजीस्वामी के दिव्य प्रवचनों का लाभ प्राप्त होगा एवं भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न होगा।

## अग्रसेन चौराहे पर किया ठंडाई का वितरण




इंदौर. वर्ल्ड हिन्दू फेडरेशन की मप्र इकाई एवं महाराजा अग्रसेन तीर्थ न्यास की ओर से शनिवार को नवलखा स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा की साक्षी में मप्र उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ द्वारा धार भोजशाला को सरस्वती मंदिर घोषित करने और लंदन के संग्रहालय से वाग्देवी की प्रतिमा को वापस बुलाने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हजारों नागरिकों को ठंडाई का वितरण किया गया. फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं केके गोयल ने बताया कि भोजशाला मामले में शुक्रवार को दोपहर जैसे ही उच्च न्यायालय का फैसला आया, फेडरेशन के सैकड़ों कार्यकताओं ने पहले सयाजी चौराहे पर ढोल-ढमाकों के बीच भारत माता की जय और जय श्री राम के उद्घोष के बीच नागरिकों को मिठाई बांटकर रंगारंग आतिशबाजी भी की. शनिवार को सुबह इस उपलक्ष्य में अग्रसेन चौराहा पर भी आम लोगों को गर्मी की तपिश से राहत दिलाने और भोजशाला विवाद में हिंदुत्व की जीत के जश्न स्वरूप करीब 3 घंटे तक गुरूजी ठंडाई घोलकर लगातार वितरण किया गया. इस अवसर पर फेडरेशन की ओर से रानू अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, गोविन्द सिंघल, राजेश कुंजीलाल गोयल एवं संजय गोयल सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज एवं फेडरेशन से जुड़े लोगों ने फल एवं मिठाई का भी वितरण कर अपनी खुशियाँ व्यक्त की. फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय अग्रवाल ने इस मौके पर संकल्प व्यक्त किया कि पूरे प्रदेश में जश्न का सिलसिला जारी रहेगा.

## भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक खंडेलवाल सम्मानित



इंदौर. भाजपा पर आम लोगों का विश्वास निरंतर मजबूत होता जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार हर तरह से व्यापारी बंधुओं एवं वैश्य समाज के लिए भयमुक्त वातावरण और कारोबारी बंधुओं के लिए बिना किसी दबाव के व्यापार करने का पर्यावरण बना रही है. वैश्य समाज के सभी घटकों को जोड़कर भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ पूरी तत्परता एवं सक्रियता से हर छोटे से छोटे कारोबारी बंधु की मदद के लिए हर समय उपलब्ध रहेगा. भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश संयोजक धीरज खंडेलवाल ने मालवांचल चित्तोड़ा समाज के तत्वावधान में आयोजित अपने स्वागत समारोह में उक्त बातें कही. समारोह में अ.भा. चित्तोड़ा महाजन वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र महाजन, मालवांचल चित्तोड़ा समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष गोपाल मेहता, देवास चित्तोड़ा महाजन समाज के अध्यक्ष गिरधर गुप्ता एवं श्रीनागर चित्तोड़ा महाजन समाज पंचमंडल इंदौर के सचिव रमेशचंद महाजन, बृजमोहन गुप्ता, समन्वयक धर्मेन्द्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, गिरीश गुप्ता, घनश्याम गुप्ता आदि ने खंडेलवाल का स्वागत किया और उन्हें समाज की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया.

## गाड़ी चढ़ाने का बोलकर सीए से ऐंठे रुपए

इंदौर. शहर में सड़क हादसे का डर दिखाकर ठगी करने वाले गिरोह सक्रिय हैं. ऐसा ही मामला मधुमिलन क्षेत्र में सामने आया, जहां सीए अभिनय नामदेव के साथ दो युवकों ने ठगी की वारदात को अंजाम दिया. जानकारी के अनुसार, सीए अभिनय नामदेव शाम करीब 5 बजे सपना-संगीता क्षेत्र से ऑफिस जा रहे थे. मधुमिलन पहुंचने पर दो युवकों ने उनकी कार रुकवाकर आरोप लगाया कि गाड़ी एक युवक के पैर पर चढ़ गई है. युवक ने खुद को घायल बताते हुए इलाज कराने की गुहार लगाई. सीए युवक को इलाज के लिए ले जाने को तैयार हो गए, लेकिन रास्ते में युवक ने अस्पताल जाने के बजाय इलाज के नाम पर 15 हजार रुपये की मांग शुरू कर दी. उसने कहा कि उसकी मां नगर निगम में काम करती हैं और कम खर्च में इलाज हो जाएगा. जब सीए ने पुलिस स्टेशन चलने और अस्पताल में इलाज कराने की बात कही तो युवक मामला वहीं खत्म करने का दबाव बनाने लगा. डर और दबाव की स्थिति में सीए ने युवक को 1500 रुपये नकद दे दिए, जिसके बाद दोनों युवक वहां से चले गए. बाद में उन्हें एहसास हुआ कि यह पूरी घटना एक सुनियोजित ठगी थी. सीए अभिनय नामदेव ने लोगों से अपील की है कि ऐसे मामलों में सतर्क रहें और तुरंत पुलिस को सूचना दें.

# हमारी संस्कृति के साथ बने नई सोच का नया भारत

▶ अभ्यास मंडल की 66वीं ग्रीष्मकालीन व्याख्यान माला शुरू





इंदौर. नई सोच का नया भारत बनाना जरूरी है लेकिन उसमें सबसे ज्यादा जरूरी है कि हमारी संस्कृति का समावेश होना चाहिए. आज विश्व का सबसे युवा देश भारत है और इस देश के युवा नवाचार करने और देश को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए कृत संकल्पित हैं. यह बात देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ राकेश सिंघई ने कही.

वे आज शाम यहां जाल सभागृह में अभ्यास मंडल की 66वीं ग्रीष्मकालीन व्याख्यान माला का शुभारंभ कर रहे थे. नया भारत नई सोच विषय पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस विषय पर चिंतन करने से पहले हमें बीते एक दशक में देश को प्राप्त हुए गौरव पर ध्यान देना होगा. वर्ष 2047 के जिस विकसित भारत की हम कल्पना कर रहे हैं उसका आधार तैयार होना शुरू हो गया है. पिछले सालों में जो काम हुआ है उससे इंडिया से भारत का निर्माण शुरू हो गया है. इस समय भारत पूरे विश्व में डिजिटलाइजेशन का नायक है. विश्व के किसी भी देश में किसी भी सरकार के द्वारा स्वास्थ्य बीमा की इतनी बड़ी योजना का संचालन नहीं किया जा रहा है, जितना की भारत में हो रहा है. उन्होंने कहा कि हमेशा कहा जाता है कि पुरानी पीढ़ी और नई पीढ़ी के बीच में जेनरेशन का गैप है लेकिन हमें इस गेप को टैप करना आना चाहिए. अब तो वर्क फ्रॉम होम भी हमारी आदत में आ गया है. हमें नई सोच का नया भारत तैयार करने में हमारी संस्कृति को भी शामिल रखना होगा. आज विश्व के दूसरे देशों के लोग हमारी संस्कृति की तरफ आकर्षित हो रहे हैं. ऐसे में हमें अपनी संस्कृति को अपने से दूर नहीं होने देना है. कार्यक्रम की अध्यक्षता अभ्यास मंडल की व्याख्या माला समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक चितले ने की. कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत फादर पायस लकडा, सौरभ घोषाल, आदित्य सेंगर, प्रणीता दीक्षित ने किया. कार्यक्रम का संचालन मनीषा गौर ने किया. विषय का प्रवर्तन माला सिंह ठाकुर ने किया. आभार प्रदर्शन अशोक जायसवाल ने किया. अतिथियों को स्मृति चिन्ह अशोक कोठारी और सुमन ज्ञानी ने भेंट किए. अभ्यास मंडल के द्वारा आयोजित की गई व्याख्यान माला में कल 17 मई रविवार को राज्यसभा सदस्य प्रोफेसर मनोज कुमार झा का व्याख्यान होगा।

### यह परिवर्तन का दौर...

उन्होंने कहा कि वैसे तो कई देश के लोग चांद पर गए हैं लेकिन भारत के वैज्ञानिक चांद में उस स्थान पर पहुंच गए जहां आज तक कोई नहीं पहुंचा है. न्यूक्लियर एनर्जी में भी सबसे तेज रिएक्टर पर भारत में काम हो रहा है. सोलर पार्क का निर्माण भारत में हो रहा है. लंबे एक्सप्रेस वे, मेट्रो के रास्ते और इस तरह अधो संरचना, विकास की दिशा में बहुत ज्यादा काम भारत में हो रहा है. पूरे विश्व में भारत को सबसे ज्यादा युवाओं वाला देश माना जाता है. हमारे देश में युवाओं की महत्वाकांक्षा बड़ी है, सपने बड़े हैं और वे बड़े लक्ष्य को लेकर भी काम कर रहे हैं. कार्यालय में काम करने के स्थान के साथ-साथ कैंटीन और खेलने का स्थान भी होता है. यह परिवर्तन का दौर है.

# 15 दिन में 240 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की सिफारिश



इंदौर. शहर में चलाए गए विशेष यातायात अभियान में महज 15 दिनों में पुलिस ने नियम तोड़ने वालों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 78 लाख 69 हजार रुपए से अधिक का समन शुल्क वसूल किया. अभियान के दौरान 19 हजार से ज्यादा चालान काटे गए, जिसमें सबसे ज्यादा कार्रवाई बिना हेलमेट और नो पार्किंग को लेकर हुई.

पिछले दिनों चले इस अभियान में बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के सबसे ज्यादा 10,970 चालान बनाए गए. इसके अलावा नो पार्किंग में वाहन खड़े करने पर 3,336, रेड लाइट जंप करने पर 990, नंबर प्लेट संबंधी उल्लंघन पर 1,314 और मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने पर 622 चालान किए. यातायात पुलिस ने इस दौरान तीन सवारी, ओवरलोडिंग, वन-वे उल्लंघन, सीट बेल्ट और अन्य नियमों के उल्लंघन पर भी कार्रवाई की. प्रमुख चौराहों और सड़कों पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर तेज गति, गलत दिशा में वाहन चलाने और बिना फिटनेस/परमिट वाहनों पर भी शिकंजा कसा. वहीं लगातार नियमों की अनदेखी करने वाले 240 वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबन के लिए परिवहन विभाग को प्रस्ताव भेजा है. खास बात यह रही कि यातायात नियम उल्लंघन को लेकर महिलाएं और युवतियां भी शामिल रहीं, जिनके खिलाफ भी समान रूप से कार्रवाई की गई.

### अभियान के दौरान सख्ती के साथ जागरूकता पर भी दिया जोर

यातायात डीसीपी राजेशकुमार त्रिपाठी का कहना है कि अभियान के दौरान सख्ती के साथ जागरूकता पर भी जोर दिया. इस अवधि में 51 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित भी किए गए, वहीं 30 हेलमेट वितरण कार्यक्रमों के जरिए 4,220 हेलमेट बांटे गए. उन्होंने स्पष्ट किया कि आगे भी नियमों का उल्लंघन करने वालों पर इसी तरह कार्रवाई जारी रहेगी.

# एसपी ने शिप्रा थाना व मांगलिया चौकी का किया औचक निरीक्षण

▶ व्यवस्थाएं परखी और रिकॉर्ड की जांच की

इंदौर. ग्रामीण एसपी राजेंद्र कुमार वर्मा ने शनिवार को शिप्रा थाना और मांगलिया चौकी का औचक निरीक्षण कर पुलिसिंग व्यवस्था का जायजा लिया. इस दौरान डीएसपी उमाकांत चौधरी भी मौजूद रहे. एसपी ने थाना परिसर, मालखाना, हवालात और केस डायरी सहित रिकॉर्ड्स का बारीकी से परीक्षण किया और लंबित मामलों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए.

निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी कैलाश सोलंकी, चौकी प्रभारी विश्वजीत तोमर, एसआई सुमन तिवारी सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा. एसपी ने सबसे पहले थाना परिसर की साफ सफाई और व्यवस्थाएं देखीं, इसके बाद रिकॉर्ड्स और केस डायरी की जांच की. उन्होंने क्षेत्र में होने वाले अपराधों की प्रकृति, लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति, वीआईपी ड्यूटी और चल रहे विशेष अभियानों जैसे नशा मुक्ति व गुंडा विरोधी अभियान की प्रगति की समीक्षा की. एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए और अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए. साथ ही थाना प्रभारी को स्टाफ के साथ अनुशासित व सकारात्मक व्यवहार रखने और आम जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतने के लिए कहा. उन्होंने सीएम हेल्पलाइन से संबंधित सभी लंबित शिकायतों को तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से निपटाने के सख्त निर्देश दिए और लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी.

# देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे पर छात्रों का शैक्षिक भ्रमण

नवभारत न्यूज

**इंदौर. स्थानीय विमानन संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डा पर एक सफल शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया. इस अवसर पर छात्रों को हवाई अड्डे की कार्यप्रणाली और विमानन क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई.**



भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने टर्मिनल प्रबंधन, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा एयरसाइड संचालन जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं को नज़दीक से समझा. विशेषज्ञ अधिकारियों ने छात्रों को बताया कि किस प्रकार हवाई अड्डे पर यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और उड़ान संचालन का समन्वय किया जाता है. इस शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को वास्तविक कार्य वातावरण से परिचित कराना तथा विमानन उद्योग की गहन समझ विकसित करना था. विद्यार्थियों ने इस दौरान विभिन्न तकनीकी और प्रबंधन संबंधी पहलुओं को प्रत्यक्ष रूप से देखा, जिससे उनके ज्ञान और कौशल में वृद्धि हुई।

कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने इस अनुभव को अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। संस्थान प्रबंधन ने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों को भविष्य में विमानन क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करते हैं और उन्हें उद्योग की व्यावहारिक चुनौतियों के प्रति तैयार करते हैं।

# गूंजे शनिदेव के जयकारे, दर्शन को लगी कतारें

▶ शनि जयंती पर भक्तिमय हुआ गजासीन शनिधाम

इंदौर. शहर में शनि जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई गी. मंदिरों में आकर्षक श्रृंगार किया गया. यज्ञ, आरती, भजन संध्या, महाप्रसादी सहित विभिन्न आयोजन किए गए. मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की कतारें लगी रहीं.

उषा नगर स्थित गजासीन शनिधाम पर शनि जयंती के अवसर पर दो दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज के सानिध्य में प्रारंभ हुआ. सुबह से देर रात्रि तक भक्तों का लगा तांता. भव्य दर्शन व नवग्रह दर्शन से भक्तों ने लिया आशीर्वाद. शनि जयंती महोत्सव के प्रथम दिवस प्रातः 8 बजे से पांच कुंडिय शनि शांति यज्ञ आचार्य कल्याण दत्त शास्त्री और पंडित महेंद्र दुबे के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ जिसमें शनिदेव के मूल मंत्र ऊँ शं शनैश्चराय नमः, ऊँ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः व वैदिक मंत्रों से कई श्रद्धालुओं ने आहुतियां प्रदान की. दोपहर 12 बजे भगवान शनि देव का जन्मोत्सव ढोल नगाड़े ताशे व भक्तों ने शनिदेव के जयकारों के साथ धूमधाम से मनाया व महाआरती की गई. वही संध्या 6 बजे से सामूहिक सुंदरकांड पाठ प्रारंभ हुआ. पाठ में सम्मिलित होने वाले प्रत्येक भक्त को सिद्ध रुद्राक्ष, शनि चालीसा, शनि देव का चित्र और शनि प्रसाद पुस्तक निः शुल्क भेंट की गई. वहीं लोक गायक अरुण गोयल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई. भगवान शनि देव का आलौकिक श्रृंगार किया गया व 56 भोग भी लगाया गया. धाम को आकर्षक विद्युत साज सज्जा, व फूलों से सजाया गया. साथ ही संध्या आरती पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद वितरण भी किया गया. 17 मई को संध्या 6 बजे से भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी.




### शनिदेव की कृपा पाने के लिए मन होना चाहिए निर्मल

शनिदेव न तो किसी को अकारण दंडित करते हैं और न ही अनावश्यक कृपा करते हैं. उनकी कृपा पाने के लिए व्यक्ति का मन निर्मल, चरित्र शुद्ध और कर्म सात्विक होना चाहिए. सज्जनों पर कृपा की वर्षा और दुर्जनों को उनकी दुष्टता का दंड देने वाले शनिदेव एकमात्र ऐसे देवता हैं, जो कलियुग में आ रही विकृतियों को दूर कर एक संस्कारवान समाज की स्थापना करने में सक्षम हैं. कर्मों के फल से कोई बच नहीं सकता. शनिदेव न्याय के देवता हैं. जिंसी चौराहा स्थित प्राचीन मंशापूर्ण शनि मंदिर पर चल रहे तीन दिवसीय शनि जयंती महोत्सव के समापन प्रसंग पर शनिवार देर रात महाआरती एवं सम्मान समारोह के दौरान आए हुए संतों ने अतिथि के रूप में उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए. क्लब के अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण पाठक एवं यशवंत गायकवाड़ ने बताया कि शनि जयंती के मुख्य महोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर पर सुबह से शाम तक पूजा-अर्चना, श्रृंगार, वट पूजा, यज्ञ-हवन सहित विभिन्न अनुष्ठानों में सैकड़ों भक्तों ने शामिल होकर शनिदेव की प्रसन्नता के लिए प्रार्थना की और उनसे समाज में सुख, शांति एवं सदभाव की गुहार लगाई. संध्या को हंसदास मठ के महामंडलेश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज, महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज, अमितदास महाराज, अखंड धाम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरुप, संत राजानंद, दाडकीवाले बाबा के नाम से प्रसिद्व महंत दयाराम दास महाराज पीपलखूटा, महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा, पंचकुइया राममंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपाल दास महाराज सहित अनेक संत-विद्वानों ने महाआरती में भाग लिया. इस दौरान मंशापूर्ण शनि मंदिर बार-बार



## शनिश्चरी अमावस्या पर छावनी में भंडारा आयोजित

इंदौर. शनिश्चरी अमावस्या के पावन पर्व पर श्री राधाकृष्ण सेवा समिति ने छावनी में भंडारा आयोजित किया. यह जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष गोपालदास मंगल एवं गोयल पारमार्थिक ट्रस्ट के विजय गोयल ने बताया कि शुद्ध घी से निर्मित भंडारे में लगभग पंद्रह सौ भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया. गगन मंगल व सुनील गोयल ने बताया कि शुद्ध घी से निर्मित भंडारे में रसभरी नुक्ती, सेंव पपड़ी, पूरी, कद्दू चावला सब्जी का वितरण किया गया. इस अवसर पर विनोद ओमप्रकाश, कैलाश गोयल, बुरहानुद्दीन शकरुवाला उपस्थित थे.

### महाआरती की, हलवा बटा



नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में शनिद जन्मोत्सव महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया. प्रवीण जोशी ने बताया कि दोपहर 12 बजे महा आरती हुई, जिसमे बड़ी संख्या मे भक्त शामिल हुए. शनिदेव का अभिषेक सरसों के तेल और काली तिल से किया गया। इस मौके पर राधा सुशील उप्पाध्याय, सूर्य कांत गुप्ता, कार्तिक शास्त्री, बब्बू वर्मा, विनोद गुप्ता, मीना राणा शाह, विजयसिँह बिसेन, श्री वैष्णवी ग्रुप महिला मंडल सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

## दाऊदी बोहरा समाज ने लोगों को बांटी छाछ

**इंदौर. इस बार की गर्मी ने पिछले कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. ऐसे में दाऊदी बोहरा समुदाय ने शहरभर में बीट द हीट अभियान चलाकर लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया. इस दौरान रोज़ कमाने वाले मजदूरों, राहगीरों और तेज़ धूप में बाहर रहने को मजबूर लोगों को 18,000 से ज़्यादा गिलास ठंडी छाछ बांटी गई.**



यह अभियान 300 से ज़्यादा वॉलंटियर्स की मदद से शहर की 11 प्रमुख जगहों पर चलाया गया. यहां सड़क किनारे काम करने वाले लोगों, मजदूरों और अन्य ज़रूरतमंदों को गर्मी से तुरंत राहत देने का प्रयास किया गया. अभियान के तहत सिलिकॉन सिटी चौराहा, रीजनल पार्क चौराहा, पलासिया चौराहा, टावर चौराहा, माथुरावाला चौराहा, पलसीकर चौराहा, महू नाका चौराहा, चंदन नगर चौराहा, राजवाड़ा चौक, हाई कोर्ट चौराहा डीपी ज्वेलर्स और राऊ बस स्टैंड जैसी जगहों को शामिल किया गया. इस कार्यक्रम के संयोजक खुज़ैमा पेटीवाला ने कहा जब शहर में हीटवेव बढ़ जाती है और लोगों के पास बाहर रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता, तब कम से कम हम उन्हें थोड़ी राहत तो दे ही सकते हैं, छाछ सिर्फ ठंडक नहीं देती, बल्कि शरीर को पोषण भी देती है. हजारों थके और गर्मी से परेशान लोगों के चेहरों पर राहत और खुशी देखना हमारी मेहनत को सफल बना देता है. बीट द हीट अभियान प्रोजेक्ट राइज़ पहल के तहत चलाया गया, जो दाऊदी बोहरा समुदाय की देशभर में जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है. इस अभियान के तहत भारत के अलग-अलग शहरों और गांवों में अब तक 1 लाख से ज़्यादा लोगों को ठंडे पेय पदार्थ बांटे जा चुके हैं.

एक नजर में | आज से होगा शुरू, जानिए पूजा, दान और धार्मिक महत्व

# पुरुषोत्तम मास : आत्मशुद्धि, साधना और विष्णु भक्ति का पावन काल

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. सनातन धर्म में अधिकमास को अत्यंत पुण्यदायी और आध्यात्मिक उन्नति का विशेष काल माना गया है. वर्ष 2026 में पुरुषोत्तम मास 17 मई से 15 जून तक रहेगा. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस अवधि में किए गए जप, तप, दान, व्रत, पूजा और सेवा का फल कई गुना अधिक प्राप्त होता है. भगवान श्रीहरि विष्णु को समर्पित होने के कारण इसे पुरुषोत्तम मास कहा जाता है.**





वैदिक ज्योतिषाचार्य डॉ. श्रद्धा सोनी के अनुसार अधिकमास हिंदू पंचांग का विशेष अतिरिक्त महीना है, जो चंद्र और सौर वर्ष के बीच बनने वाले अंतर को संतुलित करने के लिए लगभग 32 महीने 16 दिन बाद आता है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु ने इस मास को अपना 'पुरुषोत्तम' नाम देकर इसे सभी महीनों में श्रेष्ठ और पुण्यदायी घोषित किया था. डॉ. श्रद्धा सोनी बताती हैं कि अधिकमास आत्मशुद्धि, साधना और आध्यात्मिक जागरण का श्रेष्ठ समय माना जाता है. इस दौरान भगवान विष्णु, श्रीकृष्ण और माता लक्ष्मी की पूजा, विष्णु सहस्त्रनाम पाठ, गीता-रामायण अध्ययन, तुलसी पूजा, हरिनाम संकीर्तन और दीपदान विशेष शुभ माने जाते हैं. साथ ही अन्नदान, वस्त्रदान, गौसेवा, सत्संग और जरूरतमंदों की सहायता को भी अत्यंत पुण्यदायी बताया गया है.

### अत्यंत पवित्र और फलदायी



डॉ. संतोष भार्गव के अनुसार अधिकमास केवल पंचांग का अतिरिक्त महीना नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि और सकारात्मक जीवन का विशेष अवसर है. वे बताते हैं कि शास्त्रों में वर्णित है कि जब इस मास को कोई स्थान नहीं मिला, तब भगवान विष्णु ने इसे अपना स्वरूप देकर 'पुरुषोत्तम मास' नाम प्रदान किया. इसी कारण यह मास अत्यंत पवित्र और फलदायी माना जाता है. धार्मिक परंपराओं के अनुसार अधिकमास में विवाह, गृह प्रवेश और अन्य बड़े मांगलिक कार्य सामान्यतः नहीं किए जाते. इस दौरान सात्विक जीवन, संयम, सेवा और ईश्वर भक्ति को विशेष महत्व दिया जाता है.